हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 25 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

13 जेल में कैदियों को मिलेगा कौशल विकास प्रशिक्षण



14 एसपी गौरव ने ली जनरल परेड, उत्कृष्ट टर्न-...





## खबर संक्षेप

### नमूना जांच में आइस कैण्डी मिला अवमानक

**भाटापारा।** बरसात के मौसम को देखते हुये ढाबा, रेस्टोरेंट एवं होटलों का निरीक्षण किया जा रहा है। पूर्व जांच में लिये गए आईस कैण्डी के सैंपल जांच में अवमानक पाए जाने पर कोर्ट के निर्देशानुसार संचालक पर 32 हजार रुपए अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा एसडीएस गृह उद्योग हटरी बाजार भाटापारा से आईस कैन्डी का नमूना जांच हेतु लिया गया था। जांच में प्रतिबंधित सैकरीन एवं अवांछनीय बाह्य सामग्री पाये जाने के कारण राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर द्वारा अवमानक एवं मिथ्याछाप घोषित किया गया था। उक्त प्रकरण में न्यायालय द्वारा जन स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुये आरोपी पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की धारा 51 एवं 52 के तहत 32000 हजार रूपए का अर्थदण्ड आरोपित किया गया है।

### भटगांव पुलिस ने तीन शराब कोच्चियों को पकड़ा



**भटगांव।** स्थानीय पुलिस ने नगर से लगे ग्राम जुनवानी, भटगांव के वार्ड 9 सबरिया डेरा सलोनीकला में रेड कार्रवाई कर अवैध रूप से महुआ शराब हाथ भठ्ठी का बिक्री करने हेतू अपने घर में रखे साढ़े बाइस लीटर महुआ शराब को पकड़ा। आरोपी हरि पिता रामनाथ बंजारे 39 साल साकिब भटगांव वार्ड नंबर 9 थाना भटगांव जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के कब्जे से 7 लीटर कच्ची महुआ शराब, कीमती 1400 रुपए, आरोपी ईश्वर कुर्रे पिता घसीया कुर्रे 50 वर्ष साकिन जुनवानी थाना भटगांव जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के कब्जे से 6.500लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब कीमती 1300 रुपए, लक्ष्मण गोड पिता देव सिंह उम्र 20 वर्ष ग्राम सबरिया डेरा सलोनीकला के कब्जे से 9 लीटर महुआ शराब कीमती 1800 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की, जिसे गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया, जिसे न्यायालय द्वारा न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

### कराते चैंपियनशिप में तुषार ने जीता स्वर्ण पदक

**महासमुंद।** भारत के प्रतिभाशाली कराते खिलाड़ी गुड शेफर्ड स्कूल के छात्र तुषार डड़सेना ने भूटान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कराते चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर देश, राज्य एवं अपने विद्यालय परिवार का नाम गौरवान्वित किया।

# ट्रैफिक चेकिंग पर बवाल, देर रात थाने के सामने धरने पर बैठे विधायक संदीप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कसडोल

स्थानीय थाना क्षेत्र में यातायात विभाग की लगातार चेकिंग और चालानी कार्रवाई को लेकर बीते दिनों स्थानीय विधायक संदीप साहू देर रात अपने समर्थकों के साथ कसडोल थाने के सामने धरने पर बैठ गए। अचानक हुए इस धरना-प्रदर्शन से थाना परिसर के बाहर पुलिस महकमे में हलचल मच गई। एसडीओपी व थाना प्रभारी रहे मौजूद।

### किसानों और व्यापारियों पर सख्ती का आरोप

उन्होंने कहा कि कसडोल शहर और आसपास के क्षेत्रों में अवैध शराब की बिक्री खुलेआम हो रही है, लेकिन पुलिस इस पर कार्रवाई करने के बजाय कृषि कार्य के लिए सामान खरीदने आने वाले किसानों, व्यापारियों और आम नागरिकों को ही निशाना बना रही है।धरना स्थल पर विधायक ने कहा कि उन्होंने थाना प्रभारी aको एक सप्ताह का समय दिया है। यदि इस अवधि में यातायात व्यवस्था और कार्रवाई की प्रक्रिया में सुधार नहीं हुआ, तो बड़ी संख्या में लोगों के साथ फिर से आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि, इसके बाद होने वाले प्रदर्शन की पूरी जिम्मेदारी पुलिस विभाग की होगी।

### विधायक ने पुलिस की कार्यशैली पर साधा निशाना

विधायक संदीप साहू ने आरोप लगाया कि, यातायात पुलिस प्रतिदिन आसपास के गांवों से कसडोल आने वाले किसानों, व्यापारियों और दोपहिया वाहन चालकों पर लगातार चालानी कार्रवाई कर रही है, जबकि अवैध रेत परिवहन करने वाले और अन्य भारी वाहनों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं की जाती।

### यातायात पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप



### ट्रैफिक जांच के नाम पर अवैध वसूली का आरोप

विधायक ने यह भी आरोप लगाया कि कसडोल में लगाए गए ट्रैफिक चेक पोस्ट के माध्यम से आम लोगों को परेशान किया जा रहा है और यातायात जांच के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। उनका आरोप है कि बड़े और भारी वाहनों को कथित रूप से पैसे लेकर छोड़ दिया जाता है, जबकि छोटे वाहन चालकों पर सख्ती दिखाई जाती है।

### विधायक के आरोप निराधार : थाना प्रभारी मिंज

इस पूरे मामले पर कसडोल थाना प्रभारी प्रवीण मिंज ने विधायक द्वारा लगाए गए आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा, जो भी आरोप लगाए जा रहे हैं, वे बेबुनियाद हैं। यातायात पुलिस लगातार यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। इसके अलावा समय-समय पर लोगों को यातायात नियमों का पालन कराने के लिए विशेष अभियान भी चलाया जाता है।

### घटना स्थल पर मची चीख-पुकार, राहगीरों और ग्रामीणों ने बचाई यात्रियों की जान

# बस-ट्रेलर में भिड़ंत, 19 यात्री घायल, 4 गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार


जिले के ग्राम सकरी के पास शुक्रवार रात लगभग 8 बजे रायल ट्रैव्हलर्स और ट्रेलर में भिड़ंत हो गई। इस घटना में बस में सवार यात्रियों में से 19 घायल हो गए, जिनमें 4 घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाकियों को प्राथमिक उपचार के पश्चात छुट्टी दे दी गई है। घटना के दौरान मौके पर चीख-पुकार मच गई और अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

हादसे की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों की एक विशेष टीम घायलों के उपचार में जुटी हुई है।

इस हादसे में स्थानीय ग्रामीणों ने बड़ी मदद की। उन्होंने बस में फंसे यात्रियों को निकाला और पुलिस व एंबुलेंस आने तक प्राथमिक उपचार दिया। ग्रामीणों की मदद से ही घायलों को जल्दी अस्पताल पहुंचाया जा सका, जिससे कई जानें बच गईं। ग्रामीण स्वयं भी घायलों के साथ अस्पताल पहुंचे और उनकी हरसंभव सहायता करते रहे। पुलिस ने दुर्घटना के सटीक कारणों की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि ट्रेलर और बस एकदम से आमने सामने आने से भिड़ंत हो गई। पुलिस इस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।








### मंत्री ने फोन पर ली घायलों की जानकारी

इस घटना को गंभीरता से लेते हुए बलौदा बाजार विधायक एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने सिविल सर्जन से मोबाइल पर दुर्घटना में घायल मरीजों की जानकारी ली। उन्होंने घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिए और कहा कि किसी भी घायल को उपचार में कोई दिक्कत न हो। उन्होंने डॉक्टरों से हर संभव मदद करने को कहा।

### पुलिस ने सुधारी यातायात व्यवस्था

कोतवाली थाना प्रभारी लखेश केवंट ने बताया कि घटना के बाद मौके पर यातायात व्यवस्था बाधित हो गया था। पुलिस ने तुरंत ट्रैफिक को दुरुस्त की और रास्ता क्लियर कराया। उन्होंने बताया कि सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनका उपचार जारी है। अभी तक किसी भी व्यक्ति की जान नहीं गई है, जो राहत की बात है। पुलिस टीम घटना के कारणों की जांच कर रही है और सभी घायलों की पहचान व परिजनों को सूचित करने का काम भी कर रही है।

### अस्पताल में परिजनों की भीड़ मचा कोहराम

हादसे की खबर फैलते ही जिला चिकित्सालय में घायलों के परिजनों की बड़ी भीड़ उमड़ पड़ी। हर कोई अपने अपने परिजनों की हालत जानने के लिए बेताब दिखा। अस्पताल के बाहर और अंदर दोनों जगहों पर भारी भीड़ जुट गई। कई परिजन रोते- बिलखते नजर आए, तो कुछ इमरजेंसी वार्ड के बाहर घंटों खड़े इंतजार करते रहे। अस्पताल प्रशासन पर घायलों के उपचार और परिजनों को संभालने की दोहरी चुनौती आ गई।

## बाइक से गांजा की तस्करी करते हरियाणा के 2 युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बिलाईगढ़

थाना प्रभारी पुरेन्द्र मल्होत्रा के नेतृत्व में 23 जुलाई को हमराह स्टाफ के थाना सलिहा के सामने मेनरोड में वाहन चेकिंग के दौरान लगभग 14.50 बजे बाइक में सवार दो व्यक्ति बसना रोड तरफ से थाना सलिहा की ओर आये, जिन्हें रोककर उनकी मोटर सायकल एवं वाहन चालक ओमप्रकाश सिंह पिता गिर्राज 29 वर्ष साकिन ग्राम बनचरी थाना मुड़कटी जिला पलवल हरियाणा के कंधे में रखे एक काला रंग का बैग की चेक की गई। बैग में तीन अलग अलग भूरा रंग के सेलो टेप में लपेटा हुआ 5.175 किलो गांजा एवं पीछे बैठे व्यक्ति जीतन पिता बालो 23 वर्ष साकिन ग्राम हसनपुर थाना हसनपुर जिला पलवल हरियाणा के कब्जे से एक नीला रंग पन्नी अंदर में रखा दो अलग अलग भूरा रंग का सेलो टेप में लपेटा हुआ 3.479 किलो गांजा रखा होना पाया गया। दोनों व्यक्तियों के कब्जे से कुल जुमला 8.656 किलो ग्राम मादक पदार्थ गांजा परिवहन करते रखे पाये जाने पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना ▸▸ शेष पेज 13 पर

■ आरोपियों के कब्जे से 8.656 किलो गांजा और बाइक जब्त

## बलौदाबाजार में 16.41 करोड़ की लागत से बनेगा ट्रांसपोर्ट नगर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

नगर की लंबे समय से चली आ रही ट्रांसपोर्ट नगर की बहुप्रतीक्षित मांग अब पूरी होने जा रही है। छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार क्षेत्र में ट्रांसपोर्ट नगर के निर्माण एवं विकास कार्य के लिए 1640.77 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस स्वीकृति के बाद नगर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने और भारी वाहनों के दबाव को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।





नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बलौदाबाजार प्रवास के दौरान ट्रांसपोर्ट नगर निर्माण की घोषणा की थी। इसके बाद कैबिनेट मंत्री एवं स्थानीय विधायक टंकराम वर्मा के प्रयासों से परियोजना के लिए राशि स्वीकृत हुई। उन्होंने कहा कि नगर में लगातार बढ़ते यातायात, भारी वाहनों की ▸▸ शेष पेज 13 पर

## चरौदा के सरपंच ने गंवाई कुर्सी, अविश्वास प्रस्ताव में 9 पंचों ने सरपंच के विरूद्ध किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कसडोल

जनपद पंचायत कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत चरौदा (क) में शुक्रवार को सरपंच के विरुद्ध लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर नियमानुसार मतदान कराया गया। मतदान प्रक्रिया रिटर्निंग अधिकारी एवं तहसीलदार विवेक पटेल की देखरेख में तथा जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

**बहुमत नहीं जुटा सका सरपंच**

पंचायत राज अधिनियम एवं संबंधित नियमों के अनुसार आवश्यक बहुमत प्राप्त होने के बाद सरपंच के विरुद्ध लाया गया




अविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया। इसके साथ ही सरपंच रामकुमार रजक अपने पद पर बने रहने के लिए आवश्यक समर्थन प्राप्त नहीं कर सके। अब इस संबंध में आगे की वैधानिक कार्रवाई सक्षम प्राधिकारी द्वारा पंचायत राज अधिनियम एवं प्रचलित नियमों के अनुसार की जाएगी।

### सरपंच के पक्ष में केवल 3 मत पड़े

अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान, गुप्त मतदान के माध्यम से कराया गया। मतदान के दौरान सरपंच रामकुमार रजक के पक्ष में 3 मत पड़े, जबकि अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन करते हुए 9 पंचों ने सरपंच के विरुद्ध मतदान किया।जानकारी के अनुसार, सरपंच के खिलाफ ग्राम पंचायत के 9 पंचों ने 13 जुलाई को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रामरतन दुबे के समक्ष अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। नियमानुसार प्रक्रिया के तहत निर्धारित तिथि को मतदान कराया गया।

## कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की पूर्व अधीक्षिका रीना निलंबित




हरिभूमि न्यूज ▸▸ कसडोल


कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की पूर्व अधीक्षिका पर वित्तीय अनियमितता का आरोप

शिक्षा विभाग ने वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों पर कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कसडोल की पूर्व अधीक्षिका एवं वर्तमान शिक्षिका रीना कटकवार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा, रायपुर द्वारा विभागीय जांच प्रतिवेदन एवं जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर की गई है।

जारी आदेश के अनुसार जिला शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कसडोल की जांच रिपोर्टों के परीक्षण के बाद प्रथम दृष्टया वित्तीय अनियमितता, शासकीय वित्तीय नियमों के उल्लंघन तथा कार्य के प्रति लापरवाही पाए जाने पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के नियम-9(1) के तहत निलंबन की कार्रवाई की गई है।

■ वित्तीय अनियमितता के आरोपों पर कार्रवाई

आदेश के अनुसार निलंबन अवधि के दौरान रीना कटकवार का मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कसडोल कार्यालय निर्धारित किया गया है। उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। यह आदेश संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा संजीव श्रीवास्तव द्वारा 24 जुलाई 2026 को जारी किया गया। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि निलंबन विभागीय जांच ▸▸ शेष पेज 13 पर

### नियम विरुद्ध नियुक्ति और वित्तीय अनियमितता के आरोप

विभागीय जांच में आरोप है कि अधीक्षिका के कार्यकाल में समग्र शिक्षा के प्रावधानों के विपरीत मानसेवी कर्मचारियों की नियुक्तियां की गईं। साथ ही संबंधित कर्मचारियों के नाम पर मानदेय के अतिरिक्त **PFMS** के माध्यम से भुगतान कर शासकीय राशि का आहरण किया गया। जांच में इसे नियमों के विपरीत माना गया है। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख है कि विद्यालय में सामग्री खरीदी के दौरान भंडार क्रय नियमों के अनुसार कोटेशन, निविदा अथवा विज्ञापन प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। वहीं जिन भुगतानों में **TDS** एवं **GST** की कटौती आवश्यक थी, वहां भी नियमानुसार कटौती नहीं किए जाने की बात सामने आई है।

## भाटापारा स्टेशन पर टिकट चेकिंग में 212 मामलों में डेढ़ लाख से ज्यादा वसूल



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भाटापारा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. सुस्कर विपुल विलासराव के निर्देश पर भाटापारा रेलवे स्टेशन पर किलाबंदी टिकट चेकिंग अभियान 23 जुलाई को चलाया गया। इसमें भाटापारा स्टेशन के सभी प्लेटफार्म, 8 ट्रेनों में किलाबंदी टिकट चेकिंग अभियान में कुल 212 मामलों को दर्ज कर 1,53,765 रुपए राजस्व प्राप्त किया गया।किलाबंदी टिकट चेकिंग में बिना टिकट यात्रा करने वाले 110 यात्री पकड़े गए, जिससे 98,665 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। अनियमित टिकट लेकर यात्रा करने वाले 66 यात्रियों से 51500 रूपये राजस्व प्राप्त हुआ। अधिक लगेज लेकर यात्रा करने वाले 36 यात्रियों से 3600 रूपये राजस्व प्राप्त हुआ। इस टिकट चेकिंग का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को टिकट लेने के प्रति जागरूक करना था ।

इस टिकट चेकिंग अभियान का संचालन सहायक वाणिज्य प्रबंधक अविनाश कुमार आनंद द्वारा एवं मंडल मुख्य टिकट निरीक्षक ए. जेना, मुख्य ▸▸ शेष पेज 11 पर

### स्कूल और अस्पताल तक पहुंचना हुआ मुश्किल

# दलदल बनी लुकाऊपाली की सड़क

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सेल

ग्राम पंचायत छतवन के आश्रित ग्राम लुकाऊपाली में बदहाल सड़क और खुली नालियों ने ग्रामीणों का जनजीवन संकट में डाल दिया है। लगातार बारिश के बाद गांव का मुख्य मार्ग गहरे कीचड़ और दलदल में तब्दील हो गया है। स्थिति ऐसी है कि दोपहिया और चारपहिया वाहनों की आवाजाही लगभग ठप हो चुकी है। वहीं पैदल चलना भी जोखिम भरा साबित हो रहा है।

■ खुली नालियों से बच्चों की जान खतरे में

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की दुर्दशा के कारण गांव का संपर्क मुख्य मार्ग से कटने की स्थिति में पहुंच गया है। सबसे गंभीर स्थिति गांव के मिनी आंगनवाड़ी केंद्र और प्राथमिक शाला के सामने हैं। यहां नालियों का निर्माण तो कराया गया, लेकिन उन पर स्लैब नहीं लगाए गए। खुले नालों के कारण स्कूल और आंगनबाड़ी आने-जाने वाले



मासूम बच्चों के लिए हर दिन दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।

कई बच्चे फिसलकर नालियों में गिर चुके हैं और चोटिल भी हुए हैं। मुख्य सड़क पर कीचड़ भर जाने से बच्चों को स्कूल पहुंचने के लिए नाली की संकरी दीवार पर संतुलन बनाकर चलना पड़ता है। जरा-सी चूक किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

एक ग्रामीण ने बताया कि सड़क पर चलने की जगह ही नहीं बची है। इसलिए बच्चे मजबूरी में नाली की पतली पट्टी पर चलकर स्कूल जाते हैं और हर समय उनके गिरने का डर बना रहता है। बदहाल सड़क का असर केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है। आपातकालीन स्थिति में मरीजों और गर्भवती महिलाओं को अस्पताल पहुंचाना कठिन हो गया है। वहीं दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से इस समस्या की ओर ध्यान आकर्षित कराया जा रहा है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं हो सका है। इस बीच ग्रामीणों की उम्मीदें नव-निर्वाचित सरपंच फिरतीन बाई नेताम से जुड़ गई हैं। ग्रामीणों का विश्वास है कि उनके नेतृत्व में गांव की वर्षों पुरानी समस्या ▸▸ शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप



### राज्य स्तरीय टीम ने गगोरी में टीबी मरीज के घर पहुंच जाना हालचाल

**गोपालपुर**। भारत सरकार के राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित 'टीबी मुक्त भारत अभियान' के तहत राज्य स्तरीय निगरानी टीम ने ग्राम गगोरी पहुंचकर टीबी मरीज के घर का निरीक्षण किया और उपचार की प्रगति का जायजा लिया। राज्य स्तरीय टीम के सदस्य डॉ. रोचक सक्सेना ने मरीज से मुलाकात कर उसके स्वास्थ्य की स्थिति, नियमित दवा सेवन, उपचार की प्रगति तथा पोषण संबंधी जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (क्षय नोडल), जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ डॉ. पुष्पेंद्र वैष्णव, खंड चिकित्सा अधिकारी बिलाईगढ़ डॉ. शशि कुमार जायसवाल, प्रभारी डीपीसी दिनेश बरेठ, एसटीएस आकाश कुमार सिदार, टीबी मितान संदीप देवांगन, त्रिलोचन निषाद तथा टीबी सुपरवाइजर भूषण यादव सहित स्वास्थ्य विभाग का दल उपस्थित रहा।स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि टीबी मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य प्रत्येक मरीज तक समय पर जांच, गुणवत्तापूर्ण उपचार, नियमित निगरानी और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से क्षय रोग का पूर्ण उन्मूलन करना है।

### कार्यभारित कर्मचारियों का उपादान बंद कर रही सरकार

**सिमगा**। कर्मचारी कांग्रेस के पूर्व पदाधिकारी विजय तिवारी ने बताया कि 2008 में दैनिक वेतन भोगी से नियमित किए गए कार्यभारित कर्मचारीयों को सेवानिवृत्ति पश्चात पेंशन लाभ के रूप में श्रम अधिनियम 1972 के तहत उपादान का भुगतान किया जाता रहा है। जिसे छग शासन द्वारा बंद कर दिया गया है। यहां बताना जरूरी है कि भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के कार्यकाल में 20 से 30 वर्षों की लंबी सेवा पश्चात इन कर्मचारियों छग नियमित सेवा प्रदान की गयी थी। अब वही कर्मचारी 10-15 वर्षों की नियमित सेवा पश्चात सेवानिवृत्त हो रहे हैं तो इनके बुढ़ापे का सहारा ग्रेज्युटी की राशि जो 10 -12 लाख मिल जाती थी जिसे वर्तमान वित्त मंत्रालय द्वारा बंद किया जा रहा है। उक्त संबंध में अपर सचिव वित्त विभाग छग शासन रायपुर ने अपने पत्र 17 मार्च द्वारा शासकीय अधिवक्ता प्रसून भादुड़ी के अभिमत पर उपादान अधिनियम 1972 के तहत इन कर्मचारियों को अपात्र मान रही है। विजय तिवारी ने बताया कि वित्त विभाग द्वारा उच्चतम न्यायालय की अवहेलना करते हुए एक अधिवक्ता के अभिमत पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों के हित लाभ पर कुठाराघात कर रही है।





**आक्रोश : छात्रों के समर्थन में कांग्रेस का प्रदर्शन, जांच और कार्रवाई की उठाई मांग**

# छात्रों के मुद्दों पर कांग्रेस का जिले भर में ब्लॉक स्तरीय विरोध-प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार-भाटापारा के नेतृत्व में गुरुवार को जिले के सभी ब्लॉकों में ब्लॉक स्तरीय विरोध-प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदर्शन बलौदाबाजार शहर एवं ग्रामीण, भाटापारा शहर एवं ग्रामीण, सुहेला, सिमगा, लवन, कसडोल, पलारी और सोनाखान ब्लॉकों में हुआ, जिसमें कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसजनों ने नई दिल्ली में छात्रों एवं शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर हुई कार्रवाई की निंदा करते हुए लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा की मांग उठाई। साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच, युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों पर संसद में चर्चा, केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे तथा छात्रों एवं प्रदर्शनकारियों पर दर्ज सभी एफआईआर और आपराधिक प्रकरण वापस लेने की मांग की गई।

इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र, संविधान तथा छात्रों और युवाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने सफल आयोजन के लिए सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों, जनप्रतिनिधियों, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, सेवादल एवं पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## नीट मामले में ब्लॉक कांग्रेस ने पीएम और शिक्षा मंत्री का पुतला दहन किया

**सिमगा**। नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक, शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए लाठीचार्ज तथा राहुल गांधी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिमगा के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। धरना प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए नीट परीक्षा की निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कड़ी कार्यवाही तथा छात्रों पर पुलिस की कार्यवाही तत्काल रोकने की मांग की। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करते हुए उनका पुतला दहन किया गया एवं राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सोपा गया। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी ने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस छात्रों के अधिकारों और निष्पक्ष भर्ती एवं परीक्षा व्यवस्था के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेगी।




ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू भाटिया ने कहा कि केंद्र सरकार छात्रों, युवाओं और आम जनता की आवाज़ को दबाने का प्रयास कर रही है, लेकिन कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से जनहित के मुद्दों पर लगातार संघर्ष करती रहेगी। पूर्व जिला पंचायत सदस्य रमेश धृतलहरे ने कहा कि युवाओं के भविष्य को सुरक्षित रखना सरकार की जिम्मेदारी है। पेपर लीक जैसी घटनाओं की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। इस अवसर पर मो. अय्यूब खान, कांग्रेस नेत्री सुनीता यादव , कांग्रेस महामंत्री विष्णु कोसले एवं वरिष्ठ कांग्रेसी दीनबंधु शर्मा ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष भागवत सोनकर, प्रदेश किसान महामंत्री विवेक अग्रवाल, चंदू साहू , वरिष्ठ कांग्रेसी बोहरन ताम्रकार , मंडल अध्यक्ष अशोक देवांगन, श्यामलाल देवांगन , भिखारी गहरे, पार्षद मो. याकूब , परदेसी सोनकर, पूर्व पार्षद राहुल शर्मा, कान्हा यदु, मो. अब्दुल, दशरथ चंद्राकर, ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री अजीत भट्ट, पूर्व एल्डरमैन पिंटू माली, कमलेश साहू, विक्की मानिकपुरी, यश शर्मा, विक्की पाण्डे, सोनू भोसले, गुड्डु जैन, लल्लू पाटकर, सरपंच लोमन धृतलहरे, जिला महामंत्री राजा तिवारी, कोमल टंडन, किसान कांग्रेस दिनेश साहू, टीकाराम महिलांग सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास स्थायी समिति की बैठक




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला पंचायत बलौदाबाजार में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग से संबंधित स्थायी समिति की बैठक आयोजित की गई।

जिला कार्यकम अधिकारी अतुल परिहार ने मुख्य रूप से पूरक पोषण आहार, भवन निर्माण अधोसरंचना, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं, महिला हेल्प लाईन नंबर 181. सखी वनस्टॉप सेंटर एवं बाल विवाह रोकथाम के बारे में जानकारी दी। बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं के उद्देश्य समाज में घटते बाल लिंगानुपात को बढ़ाना, बालिकाओं के अस्तित्व की सुरक्षा, शिक्षा को बढ़ावा देना, समाज में व्याप्त भेदभाव बेटा-बेटी को एक समान दर्जा दिलाना। इसके साथ ही सखी वन स्टॉप सेंटर सिमगा में नवीन स्वीकृति होने के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। मिशन शक्ति योजना अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा एवं संरक्षण साथ साथ महिलाओं की सशक्तिकरण से संबंधित योजनाओं में मिशन शक्ति के दो भाग संबल एवं सामर्थ्य की विस्तृत जानकारी सदस्यों को जानकारी दी।

- 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को 5 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज की सुविधा : डॉ. अवस्थी

स्थायी समिति ैठक में सभापति दीप्ति गोविंद वर्मा, सदस्य शशि आनंद बंजारे, ईशान वैष्णव,जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रकाश दास एवं जिला मिशन समन्वयक प्रीति नवरत्न उपस्थित रहे।

## यज्ञ स्थल पर धर्म रक्षार्थ यज्ञ एवं जन सेवा समिति ने किया पौधारोपण

**बलौदाबाजार**। नगर के हृदय स्थल स्थित यज्ञ स्थल पर धर्म रक्षार्थ यज्ञ एवं जन सेवा समिति के सदस्यों ने शुक्रवार को वृक्षारोपण अभियान चलाया। इस दौरान पूजा-अर्चना में उपयोगी, फलदार एवं ऑक्सीजन प्रदान करने वाले विभिन्न पौधों का रोपण किया गया तथा परिसर में उगे खरपतवार की साफ-सफाई भी की गई।

समिति के सदस्यों ने बताया कि यज्ञ स्थल पर प्रतिवर्ष जनसहयोग से भव्य महायज्ञ का आयोजन किया जाता है, जिसमें हजारों श्रद्धालु तथा स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देते हैं। धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के सुचारु संचालन के लिए यहां आवश्यक आधारभूत सुविधाओं का भी विकास किया गया है। समिति के अनुसार, सदस्यों के आग्रह पर विधायक एवं प्रदेश के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के प्रयासों से यहां ओपन सभागार का निर्माण कराया गया है। वहीं पूर्व नगरीय प्रशासन मंत्री शिव डहरिया के कार्यकाल में दो कक्ष एवं बाउंड्रीवाल का निर्माण हुआ, वृक्षारोपण कार्यक्रम में पं. द्वारिका प्रसाद शास्त्री, अभिषेक तिवारी, लक्ष्मेंद्र अग्रवाल, रवि यादव, शिवप्रकाश तिवारी, प्रेमनारायण केशरवानी, सुरेंद्र जायसवाल, संजय नारायण केशरवानी, पियूष मिश्रा, अमित केशरवानी, मोहन साहू, लखेश साहू एवं अरविंद मिश्रा सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।




## खण्ड स्तरीय बैंकर्स मीटिंग में डीफ अकाउंट को सक्रिय कराने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



शुक्रवार को ब्लॉक स्तरीय बैंकर्स समिति की मासिक बैठक जनपद पंचायत कार्यालय भाटापारा के सभाकक्ष में सम्पन्न हुआ। बैठक में शासकीय योजना के पुराने खातें जो विभिन्न बैंकों में हैं जिसमें लेनदेन नहीं हो रहे हैं, ऐसे डीफ खाते का केवायसी लेकर संचालन में लाने अथवा खाता बंद कर राशि अन्य शासकीय योजना के खातों में स्थानांतरित करने पर बल दिया गया।बैठक में मुख्यतः शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर चर्चा हुई, जिसमें मुख्य रूप से प्रधानमंत्री की पीएम सूर्यघर के साथ स्व सहायता समूह लिंकेज एवं ऋण वितरण, एनआरएलएम योजना, कृषको को दिए जाने वाले ऋण किसान क्रेडिट कार्ड,डेयरी व्यवसाय, मछली पालन,पी एम स्वानिधि, पीएम विश्वकर्मा, मुद्रा लोन,अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना इत्यादि पर भी चर्चा हुई। डिज़टिल धोखाधड़ी को रोकने के लिए वित्तीय साक्षरता पर जोर देते हुए अग्रणी जिला प्रबंधक ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशन में आरोह एनजीओ संस्था जो सीएफएल के माध्यम से विभिन्न स्थानों में वित्तीय साक्षरता के लिए किए जा रहे कार्यों में बैंक मित्र, एफएलसीआरपी, पीआरपी सहयोग प्रदान करें।




## श्रेयांश का जापान के ग्लोबल रिसर्च प्रोजेक्ट में चयन

**खरोरा**। नगर के छात्र श्रेयांश देवांगन का जापान के प्रतिष्ठित निगाटा यूनिवर्सिटी के ग्लोबलाइजेशन स्ट्रेंगथेनिंग प्रोजेक्ट में चयन होने से नगर एवं क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। श्रेयांश की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ा है। इस अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट के दूसरे चरण में श्रेयांश ने जापान के साडो आइलैंड में समुद्री लहरों के बीच तीन दिनों तक रहकर आयोजित विशेष रिसर्च कार्यक्रम में भाग लिया। यह परियोजना जापान की राजधानी टोक्यो से जुड़े शैक्षणिक सहयोग के तहत संचालित की जा रही है। वर्तमान में श्रेयांश भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर में अध्ययनरत हैं। श्रेयांश, खरोरा निवासी नरेन्द्र फोटो कॉपी के संचालक नरेन्द्र देवांगन एवं अंजलि देवांगन के पुत्र हैं। श्रेयांश ने अपनी प्रारंभिक एवं स्कूली शिक्षा ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल, नरदहा-रायपुर से प्राप्त की। वर्ष 2023 में उन्होंने 12वीं की परीक्षा 93 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की। इसी वर्ष उन्होंने जेईई मेन्स एवं जेईई एडवांस की परीक्षा बिना किसी कोचिंग के, स्व-अध्ययन के बल पर पहले ही प्रयास में सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।





## खबर संक्षेप



### दतान खैरा में हुआ एचपीवी टीकाकरण

पलारी। पलारी विकासखंड के ग्राम दतान (खैरा) में 14 वर्ष से 15 वर्ष की छात्राओं को आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सर्वाइकल कैंसर निरोधक टीकाकरण किया गया। भविष्य में आने वाले खतरे से बचाने के लिए डॉक्टर पंकज वर्मा के मार्गदर्शन में एएनएम पुष्पा बांधे और आरएचओ संजय पैकरा तथा विशेष सहयोगी सीएचओ प्रदीप वर्मा की टीम द्वारा 20 बालिकाओं को एचपीवी का टीका लगाई गई तथा प्रमाण पत्र वितरण किया गया। ग्रामीणों मे अब भविष्य मे सर्वाइकल कैंसर निरोधक टीका के प्रति जागरूक हो रहे हैं।

**निरीक्षण : कलेक्टर - एसपी पहुंचे जिला जेल, व्यवस्था का लिया जायजा**

# जेल में कैदियों को मिलेगा कौशल विकास प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने शुक्रवार को जिला जेल बलौदाबाजार का संयुक्त रूप से निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने जेल में परिरुद्ध बंदियों के लिये कौशल विकास प्रशिक्षण शुरू कराने के निर्देश दिये, ताकि यहां सजा काटने के साथ ही कुछ हुनर भी सीख सकें।

कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि जेल स्वयं एक व्हीटीपी के रूप में पंजीकृत है, इसलिए यहां जल्द प्रशिक्षण शुरू किया जा सकता है। उन्होंने कारपेंटरी प्रशिक्षण पर जोर देते हुए कहा क़ि इससे बम्बू आर्ट के जरिये विभिन्न कलाकृति बनाकर बिक्री भी किया जा सकता है। इस दौरान उन्होंने विभिन्न बैरको में निरुद्ध बंदियों से मुलाक़ात कर पूछताछ की। उन्होंने बंदियों के



स्वास्थ्य जांच एवं ईलाज सहित परिजनों से मुलाक़ात के बारे में जेल अधीक्षक से जानकारी ली।

कलेक्टर श्री शर्मा ने बंदियों के लिए अच्छी पुस्तकों की उपलब्धता हेतु लाइब्रेरी का निर्माण,आवश्यकता अनुसार पंखे एवं टी वी की व्यवस्था के लिये प्रस्ताव तैयार करने के भी निर्देश दिये। पाकशाला में भोजन बनाने एवं भोजन की गुणवत्ता की भी जानकारी ली गई। यहां बंदियो के लिये चावल को पकाने की पैना विधि के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए गुणवत्ता को परखी गई और मेंन्यु के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन प्रदान करने के निर्देश दिये गये।

कलेक्टर श्री शर्मा ने इस दौरान बंदियों से मुलाक़ात करने आए परिजनों से भी पूछ ताछ कर जानकारी ली क़ि मुलाकात करने में कोई समस्या तो नहीं है। परिजनों ने बताया क़ि कोई समस्या नहीं है,तय समय अनुसार यहां फोन से बात हो जाता है। जेल अधीक्षक ने बताया क़ि वर्तमान में 12 बैरक में 390 बंदी निरुद्ध है। जेल में कुल 17 बैरक है जिसकी क्षमता लगभग 410 है। बंदियों से मुलकात का समय सुबह 8.30 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक नियत है। हर दिन लगभग 30 से 50 लोग मुलकात के लिये आते है। अभी मुलकात के लिए एक ही काउंटर है लेकिन उसके बगल में 5 काउंटर और बनाए जा रहे हैं जिससे सुविधा होगी। जेल के अंदर और बाहर लगभग 80 सीसीटीवी कैमरा से निगरानी की जा रही है।

### खाद्य सुरक्षा की टीम करेगी मध्यान्ह भोजन गुणवत्ता की जांच

**बलौदाबाजार।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना अंतर्गत प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में विद्यार्थियों के लिये बनाए जाने वाले मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता जांच अब खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा की जाएगी, खाद्य सैंपल जांच में गुणवत्ता सम्बन्धी कमी पाए जाने पर सम्बधित स्व सहयता समूह को कार्य से पृथक भी किया जाएगा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला स्तरीय ... लिया गया।कलेक्टर श्री शर्मा ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देशित किया क़ि हर ब्लॉक के स्कूलों के मध्यान्ह भोजन का 15 -15 दिन में टीम द्वारा रैण्डम सैंपल लेकर गुणवत्ता जांच कर रिपोर्ट दें। गुणवत्ता और साफ़ -साफ सफाई में कमी पाए जाने पार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आगामी 15 अगस्त तक 50 स्कूलों का 5 स्टार रेटिंग उपलब्धि हासिल करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने मध्यान्ह भोजन के लिये दैनिक मेन्यू के अनुसार ही भोजन प्रदाय किये जाने के निर्देश दिये। शालाओं में स्वैच्छिक आधार पर न्योता भोज के आयोजन के लिये विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक पहल करने तथा जनप्रतिनिधियों को शामिल करने के निर्देश दिये।कलेक्टर ने शासन के निर्देशानुसार स्कूलों में बच्चों की 75 प्रतिशत उपस्थिति पर जोर देते हुए कहा क़ि बीईओ और बीआरसी कड़ी मॉनिटरिंग करें और बच्चों की शतप्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा क़ि हर माह स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति की समीक्षा करें और जिन स्कूलों में विद्यार्थियों की उपस्थिति कम होगी उसके प्राचार्य एवं बीईओ को पहले नोटिस दें,उसके बाद भी सुधार नहीं होने पर आगे अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी, वहीं जिन स्कूलों में उपस्थिति बेहतर होगी उनके प्राचार्य, प्रधान पाठक को सम्मानित भी किया जाएगा। आरएसबीवाय के तहय विद्यार्थियों के स्वास्थ्य जांच हेतु स्वास्थ्य विभाग से आपसी समन्वय कर माह जुलाई तक के लिये निर्धारित संख्या में स्वास्थ्य परीक्षण कराने के निर्देश दिये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, सीएमएचओ डॉ राजेश अवस्थी, प्रभारी डीईओ के. एस.मरावी सहित समिति के अन्य सदस्य एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



## पेज 11 के शेष

### बाइक से गांजा...

में लिया गया। आरोपियों के कब्जे से कुल 8.656 किलो ग्राम मादक पदार्थ गांजा किमती 85000 रू. एवं मो.सा. टी.व्ही.एस. राईडर एच आर 50 एम 2830 किमती 90000 रू. कुल 175000 रूपये जप्त कर दोनो आरोपियों को न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया। सम्पूर्ण कार्यवाही मे उप निरी. पुरेन्द्र मल्होत्रा, सउनि प्रकाश रजक, प्र.आर. 38 देवप्रसाद सिदार, प्र.आर. 18 निशांत दुबे, आर.347 चंद्रप्रकाश भारद्वाज, आर. 388 रामकुमार पटे, आर. 68 राजेश नारंग, आर. 271 बलराम लहरे एवं समस्त थाना स्टाफ सलिहा का विशेष योगदान रहा।

### बलौदाबाजार में 16.41...

आवाजाही तथा आसपास स्थापित बड़े उद्योगों के कारण ट्रांसपोर्ट नगर की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। नगर के मुख्य मार्गों पर ट्रकों की पार्किंग से आम नागरिकों और वाहन चालकों को परेशानी के साथ दुर्घटनाओं का भी खतरा बना रहता था। अशोक जैन ने कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर बनने से भारी वाहनों की सुव्यवस्थित पार्किंग की सुविधा मिलेगी, यातायात का दबाव कम होगा तथा नगरवासियों और ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि शासन की निर्धारित प्रक्रिया पूरी कर शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा।क्त कर आभार व्यक्त किया है।

### भाटापारा स्टेशन पर...

वाणिज्य निरीक्षक-टिकट चेकिंग अविजित डे सहित 12 टिकट चेकिंग स्टाफ, 04 आरपीएफ स्टाफ शामिल रहे। रेलगाड़ी एवं रेल परिसर में गंदगी फैलाते पाए जाने पर 1000 रूपये से 5000 रूपये तक जुर्माना अथवा 6 महीने का कारावास का प्रावधान है ।

### दलदल बनी लुकाऊपाली...

का समाधान होगा। ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग पर शीघ्र सीसी सड़क निर्माण कराने तथा आंगनबाड़ी और प्राथमिक शाला के सामने बनी नालियों पर तत्काल पक्के ढक्कन लगाने की मांग की है।अब नजर प्रशासन और पंचायत प्रतिनिधियों की पहल पर टिकी है कि इस गंभीर जनसमस्या पर कितनी शीघ्र कार्रवाई होती है और लुकाऊपाली के ग्रामीणों को बदहाल सड़क और खुले नालों की समस्या से कब राहत मिलती है।

### कस्तूरबा गांधी बालिका ...

के दौरान की गई एक अंतरिम प्रशासनिक कार्रवाई है। इससे किसी कर्मचारी का अंतिम दोष सिद्ध नहीं माना जाता। विभागीय जांच एवं नियमानुसार प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद सक्षम प्राधिकारी अंतिम निर्णय लेगा।

उक्त मामले के शिकायतकर्ता राजेश कन्नौजे ने निलंबन को पर्याप्त नहीं बताते हुए आरोप लगाया है कि जांच में कई महत्वपूर्ण वित्तीय लेन-देन और कथित फर्जी भुगतानों को शामिल नहीं किया गया। उनका दावा है कि कुछ दुकानों के नाम पर कथित फर्जी बिल बनाकर राशि अन्य खातों में स्थानांतरित की गई। शिकायतकर्ता ने पूरे मामले में एफआईआर दर्ज करने, कथित गबन की राशि की वसूली, दोषियों को सेवा से बर्खास्त करने तथा विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित कर विस्तृत जांच कराने की मांग प्रशासन से की है।

# नीट पेपर लीक और छात्रों पर कार्रवाई के विरोध में पलारी में कांग्रेस का प्रदर्शन, पीएम का पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

दिल्ली में नीट पेपर लीक मामले और प्रदर्शनकारी छात्रों पर कथित पुलिस कार्रवाई के विरोध में पलारी में जिला कांग्रेस कमेटी एवं युवा कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। कसडोल विधायक संदीप साहू के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बजरंग चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। विधायक संदीप साहू ने आरोप लगाया कि अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे छात्रों पर बल प्रयोग लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है।



उन्होंने कहा कि नीट पेपर लीक जैसे गंभीर मामले पर जवाबदेही तय करने के बजाय छात्रों की आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार पर छात्रों, किसानों और महिलाओं के प्रति दमनात्मक रवैया अपनाने का भी आरोप लगाया।जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे ने कहा कि जब तक छात्रों की मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं होती और दोषियों के विरुद्ध सख्त कदम नहीं उठाए जाते, तब तक कांग्रेस का आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नीट परीक्षा विवाद से मानसिक रूप से आहत होकर आत्महत्या करने वाली जगदलपुर की छात्रा हरिकाराव नायडू को श्रद्धांजलि देने के लिए कैंडल मार्च निकाला। मार्च शहीद युगल किशोर वर्मा स्मारक पहुंचा, जहां दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत छात्रा को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे, ब्लॉक अध्यक्ष रवि बंजारे, नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू सहित कांग्रेस एवं युवा कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप



### लखन लाल बने जिले के पहले राष्ट्रीय कबड्डी ऑफिशियल

**गिधौरी।** बलौदाबाजार जिले के लिए गौरव का विषय है कि ग्राम पंचायत नवीन अमलीडीह निवासी वरिष्ठ कबड्डी खिलाड़ी एवं रेफरी लखन लाल प्रधान का चयन भारतीय कबड्डी संघ द्वारा नेशनल कबड्डी ऑफिशियल के रूप में किया गया है। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय दायित्व के लिए चयनित होने वाले वे बलौदाबाजार जिले के पहले व्यक्ति हैं। लखन लाल प्रधान की इस उपलब्धि से जिले सहित गिधौरी क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। कोलता समाज से जुड़े लखन लाल प्रधान ने वर्षों की मेहनत, खेल के प्रति समर्पण और निष्पक्ष रेफरी के रूप में अपनी पहचान के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर कोलता समाज के पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि लखन लाल प्रधान ने अपनी उपलब्धि से न केवल बलौदाबाजार जिले, बल्कि पूरे प्रदेश और कोलता समाज का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। वे युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

### युवाओं की आवाज दबाना लोकतंत्र के लिए घातक

**संडी बंगला।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पलारी के महामंत्री डॉ. बिसेसर वर्मा ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश का युवा किसी अनुचित मांग के लिए नहीं, बल्कि निष्पक्ष परीक्षाएं, पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया, समय पर नियुक्ति और सुरक्षित भविष्य की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं की जायज मांगों पर संवाद करने के बजाय पुलिस



बल का प्रयोग करना लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। जारी बयान में वर्मा ने कहा कि दिल्ली के जंतर-मंतर पर शिक्षा व्यवस्था में सुधार और भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे युवाओं, महिलाओं और बच्चों पर दिल्ली पुलिस द्वारा किया गया लाठीचार्ज अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री आवास के समक्ष प्रदर्शन कर रहे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ अभद्र व्यवहार किया गया तथा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी और अखिलेश यादव सहित विपक्षी नेताओं को हिरासत में लेना लोकतंत्र की भावना के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि युवाओं के अधिकारों की लड़ाई राहुल गांधी के नेतृत्व में सड़क से संसद तक मजबूती से लड़ी जाएगी।

### रोहांसी में माता पहुंचनी श्रद्धाभाव से मना



**पलारी।** नगर पंचायत रोहासी में शीतला माता जुड़वाश उत्साह के साथ मनाया गया जिसमें नगर सहित आसपास गांव के लोग हजारों की संख्या में शामिल हुए वही बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालुओं ने शीतला माता की विधिवत पूजा अर्चना कर सुख शांति के लिए प्रार्थना की गई तथा कीर्तन मंडलीयो द्वारा दिनभर मांदर के थाप और जसगीत गायन कर शीतला माता की सेवा की गई इससे नगर माता के भक्ति में डूबा रहा वही श्रद्धालुओं के लिए पूर्व वर्ष की भांति इस बार भी समिति द्वारा खीर पूड़ी का वितरण किए गए। सांथ ही यहाँ भव्य मेले का आयोजन किया गया जंहा बच्चों ने झुला का खूब आनंद लिया ।

# श्रमिक ही देश की प्रगति की नींव हैं : शिवरतन शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

राष्ट्र निर्माण में श्रमिकों के अमूल्य योगदान को समर्पित विश्व के सबसे बड़े श्रमिक संगठन भारतीय मजदूर संघ का 72वां स्थापना दिवस गुरुवार को भाटापारा नगर में गरिमामय माहौल में मनाया गया।

■ देश की प्रगति की असली नींव हैं श्रमिक

नगर में स्थित छत्तीसगढ़ महतारी चौक में परिवहन चालक परिचालक संघ के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा विशेष रूप से उपस्थित हुए।

## नगर में मना भारतीय मजदूर संघ का स्थापना दिवस



### श्रमिकों की मेहनत ही विकसित भारत की सबसे बड़ी ताकत

शिवरतन शर्मा ने कहा कि आप सभी श्रमिक भाई-बहन विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने की सबसे बड़ी प्रेरक शक्ति हैं। आपका समर्पण, आपकी मेहनत और आपका जज्बा ही देश की प्रगति की असली नींव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में श्रमिकों के सम्मान और कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिसका सीधा लाभ देश-प्रदेश के सभी श्रमिकों को मिल रहा है।

इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ उन कर्मवीरों को समर्पित है, जो अपने पसीने और परिश्रम से राष्ट्र के विकास में निरंतर योगदान दे रहे हैं। शर्मा ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था, उद्योग, परिवहन और बुनियादी ढांचे की रीढ़ हमारे श्रमिक भाई-बहन हैं।

शर्मा ने परिवहन चालक परिचालक संघ द्वारा सामाजिक कार्यों और श्रमिकों के हितों के लिए किए जा रहे प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस दौरान बड़ी संख्या में नगर के चालक, परिचालक एवं अन्य श्रमिक साथी उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संघ के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।

## स्कूल में ताला, समय से पहले छुट्टी; ग्रामीणों ने शिक्षकों पर लगाए लापरवाही के आरोप

# हाई स्कूल में शिक्षकों की अनुपस्थिति से ग्रामीणों में आक्रोश, कलेक्टर से जांच व कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सेल

सोनाखान तहसील अंतर्गत शासकीय आरएमएसए हाई स्कूल रिकोकला की शिक्षा व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर शिकायत दर्ज कराई है। ग्रामीणों का आरोप है कि विद्यालय में एक शिक्षक लंबे समय से नियमित रूप से अनुपस्थित हैं तथा उनके विरुद्ध शिकायतों के बावजूद कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। साथ ही विद्यालय के संचालन में भी लापरवाही बरते जाने से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

ग्रामीणों के अनुसार 20 जुलाई को दोपहर करीब 2 बजे विद्यालय पहुंचने पर स्कूल में ताला लगा मिला और विद्यार्थियों की समय से पहले छुट्टी कर दी गई थी। उनका आरोप है कि कई बार शिक्षक विद्यालय में समय पर नहीं पहुंचते अथवा उपस्थिति दर्ज कराने के बाद चले जाते हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि सरपंच एवं पंचों ने भी संबंधित शिक्षक को समझाने का प्रयास किया, लेकिन कोई सकारात्मक परिणाम नहीं निकला। उनका कहना है कि यदि शिक्षक नियमित रूप से विद्यालय में सेवाएं नहीं दे पा रहे हैं तो उनका स्थानांतरण किया जाए, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

इधर, विद्यालय के प्राचार्य छत्रपाल बंधन से मोबाइल पर संपर्क का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी। वहीं, संकुल समन्वयक ने बताया कि प्राचार्य शासकीय कार्य से कसडोल गए थे तथा विद्यालय बंद करने की जानकारी शाला नायक द्वारा दी गई।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार ध्रुव ने बताया कि विद्यालय से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई है और आवश्यक दस्तावेज तैयार किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि मामले की जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने मांग की है कि विद्यालय की कार्यप्रणाली की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों एवं शिक्षकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि विद्यार्थियों की शिक्षा प्रभावित न हो।

## रिकोकला हाई स्कूल की शिक्षा व्यवस्था पर सवाल




### शराब के नशे में स्कूल आने का आरोप

ग्रामीणों नंदकुमार एवं रामकुमार सहित अन्य लोगों ने कलेक्टर एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी को लिखित शिकायत सौंपकर मामले की जांच कराने तथा दोषी शिक्षकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि संबंधित शिक्षक पिछले कई दिनों से विद्यालय नहीं पहुंचे हैं। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि शिक्षक के शराब के नशे में विद्यालय आने की शिकायत पहले भी की जा चुकी है, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ।

# जर्जर भवन में संचालित हो रहा सर्वा पूर्व माध्यमिक विद्यालय



हरिभूमि न्यूज ▸▸| सेल

कसडोल विकासखंड के ग्राम सर्वा स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय का भवन अत्यंत जर्जर हो चुका है। भवन की छत एवं दीवारों से प्लास्टर और छज्जे के हिस्से गिरने लगे हैं, जिससे विद्यार्थियों और शिक्षकों की सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है। संभावित दुर्घटना की आशंका को देखते हुए विद्यालय में कक्षाओं का संचालन दो पालियों में किया जा रहा है।

■ दो पालियों में लग रही कक्षाएं

विद्यालय के शिक्षकों ने भवन की जर्जर स्थिति की जानकारी लिखित रूप से बीआरसीसी कार्यालय को दी है। शिक्षकों के अनुसार भवन में नियमित रूप से अध्ययन-अध्यापन कराना जोखिमपूर्ण हो गया है। बीआरसीसी कसडोल ने समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया है।

ग्राम पंचायत सर्वा के सरपंच संतोष कश्यप ने बताया कि विद्यालय भवन के संबंध में पहले भी बीआरसीसी को लिखित आवेदन दिया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उनका कहना है कि भवन की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि उसकी मरम्मत के बजाय नए भवन का निर्माण कराया जाना आवश्यक है।

ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की है कि विद्यार्थियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए जर्जर भवन को शीघ्र हटाकर नए विद्यालय भवन का निर्माण कराया जाए, ताकि बच्चों की पढ़ाई सुरक्षित वातावरण में संचालित हो सके।

# मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज ने मनाई डॉ. खूबचंद बघेल जयंती

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिरमी रावन



छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज, ग्राम इकाई हिरमी में विगत दिनों डॉ. खूबचंद बघेल जयंती का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति डॉ. मोहनलाल वर्मा, पूर्व राजप्रधान बलौदाबाजार धर्मेंद्र सरसीहा तथा क्षेत्र प्रधान चोवाराम वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

समारोह में धर्मेंद्र सरसीहा ने डॉ. खूबचंद बघेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने उपस्थित लोगों को डॉ. बघेल के आदर्शों पर चलने का संदेश देते हुए समाज में शिक्षा, एकता और सामाजिक विकास को बढ़ावा देने पर बल दिया। कार्यक्रम में डॉ. बघेल को छत्तीसगढ़ राज्य के स्वप्नदृष्टा, स्वतंत्रता सेनानी एवं महान समाज सुधारक के रूप में श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. मोहनलाल वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा, /"छत्तीसगढ़ की पावन माटी के अमर सपूत, पृथक राज्य के परिकल्पनाकार, प्रख्यात चिकित्सक, सफल कृषक, साहित्यकार और किसान-आदिवासी आंदोलनों के प्रेरणास्रोत डॉ. खूबचंद बघेल जी का संपूर्ण जीवन जनसेवा, संघर्ष और राष्ट्रभक्ति का अनुपम उदाहरण है उन्होंने अपने दूरदर्शी नेतृत्व से छत्तीसगढ़ की पहचान और स्वाभिमान को नई दिशा दी। उनके विचार आज भी हर छत्तीसगढ़वासी के लिए प्रेरणा के अक्षय स्रोत हैं। डॉ. वर्मा ने छत्तीसगढ़ी अस्मिता और भाषा के प्रहरी डॉ. बघेल की 126वीं जयंती पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज और राष्ट्र की सेवा करने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम के अंत में पी. आर. वर्मा ने उपस्थित अतिथियों एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महापुरुष शरीर से भले ही विदा हो जाते हैं, लेकिन उनके विचार युगों-युगों तक समाज का पथ आलोकित करते रहते हैं।



### नपं में एल्डरमेनों ने ली शपथ

**भटगांव।** नगर पंचायत के सभाकक्ष में नवनियुक्त एल्डरमेन तुलसी राम आदित्य, रविन्द्र सिंह बनाफर, रामकृपाल पटेल, अनुविभागीय अधिकारी बिलाईगढ़ द्वारा शपथ ग्रहण करवाया गया। गरिमामय समारोह में भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरज सिंह दिक्षित, जिला मंत्री रेवती लाल चन्द्रा, महामंत्री श्याम लाल साहू, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष कमल पटेल, भाजपा मंडल भटगांव के पदाधिकारीगण, कार्यकर्तागण, मु न पं अधि, नगर पंचायत भटगांव के कर्मचारी, एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# एसपी गौरव ने ली जनरल परेड, उत्कृष्ट टर्न-आउट वाले चार पुलिसकर्मी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार



पुलिस अधीक्षक गौरव राय के नेतृत्व में शुक्रवार को रक्षित केंद्र बलौदाबाजार में जिला पुलिस की भव्य जनरल परेड आयोजित की गई। परेड का उद्देश्य पुलिस बल में शारीरिक दक्षता, अनुशासन एवं वेशभूषा के उच्च मानकों को बनाए रखना था। एसपी ने परेड की सलामी लेने के बाद पुलिस अधिकारियों एवं जवानों के टर्न-आउट का बारीकी से निरीक्षण किया।

परेड के बाद पुलिस अधीक्षक ने डायल-112, पेट्रोलिंग वाहनों सहित जिले के शासकीय एवं आपातकालीन वाहनों का भी भौतिक निरीक्षण किया। उन्होंने वाहनों के रखरखाव, लॉग बुक एवं तकनीकी स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को सभी वाहनों को हर समय उपयोग के लिए तैयार रखने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उत्कृष्ट वेशभूषा एवं अनुशासित टर्न-आउट प्रदर्शित करने पर निरीक्षक नरेश दिवान, प्रशिक्षु उपनिरीक्षक राहुल मिरी, प्रधान आरक्षक शेखर सिंह चंदेल तथा महिला आरक्षक उत्तरा निराला को पुलिस अधीक्षक ने नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।



जनरल परेड में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खेमन सिन्हा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार, एसडीओपी तारेश साहू, उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) संजय साहू, उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) राजेश श्रीवास्तव, रक्षित निरीक्षक उषा ठाकुर सहित जिले के विभिन्न थानों, चौकियों एवं पुलिस कार्यालयों के कुल 128 अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए।

समापन अवसर पर एसपी गौरव राय ने सभी जवानों को नियमित व्यायाम करने, शारीरिक रूप से फिट रहने, आमजन के साथ शालीन व्यवहार बनाए रखने तथा जिले में कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था के प्रति सदैव सतर्क एवं तत्पर रहने के निर्देश दिए।

## विरासत बनी विकास की प्रेरणा

# एसबीआई सम्मान पहल से बदली सोनाखान की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सेल





शहीद वीर नारायण सिंह की जन्मस्थली एवं कर्मभूमि सोनाखान आज विकास और जनभागीदारी का प्रेरक मॉडल बनकर उभर रहा है। एसबीआई फाउंडेशन की एसबीआई सम्मान-राष्ट्रीय नायकों को श्रद्धांजलि पहल एवं समर्थन सेंटर फॉर डेवलपमेंट सपोर्ट के सहयोग से पिछले दो वर्षों में गांव के सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक विकास को नई दिशा मिली है।

शहीद वीर नारायण सिंह युवा प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से 180 से अधिक युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं एवं भर्ती की तैयारी कराई गई, जिनमें कई युवाओं ने पुलिस, अग्निवीर और शिक्षक पात्रता परीक्षाओं में सफलता हासिल की। वहीं, विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर शिक्षा और विज्ञान प्रयोगशाला की स्थापना से 350 से अधिक विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा का लाभ मिल रहा है।

महिला सशक्तिकरण के लिए स्थापित प्रेरणा सेंटर से 150 से अधिक महिलाएं स्वरोजगार से जुड़ चुकी हैं। वहीं, विकसित शहीद वीर नारायण सिंह उद्यान, ग्राम सेवा केंद्र, हाट-बाजार, आरओ प्लांट, सोलर स्ट्रीट लाइट और स्वच्छता सुविधाओं ने गांव के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार किया है।

परियोजना के तहत पर्यटन, शिक्षा, रोजगार और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार से सोनाखान आज ऐसा मॉडल बन गया है, जहां शहीद वीर नारायण सिंह की विरासत विकास और आत्मनिर्भरता की प्रेरणा बनकर नई पीढ़ी का

